महत्वपूर्ण एवं खास

तीन गांजा तस्करों को एक-एक लाख का अर्थदंड व 10-10 वर्ष की हुई सजा

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिले की नगरनार पुलिस ने 13 सितम्बर 2019 को 03 गांजा तस्करों उपेन्द्र दलई, जगन्नाथ दलई, कामराजू मांड़ी गांजा के साथ गिरफ्तार किया था, वहीं एक फरार गांजा तस्कर राजेंद्र पुसरू के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। उपेन्द्र दलई, जगन्नाथ दलई व कामराजू मांड़ी जेल में थे जबकि प्रकरण दर्ज होने के बाद से राजेंद्र पुसरू फरार है। जिला न्यायालय में विगत ढ़ाई वर्षों से प्रकरण चल रहा था। विशेष न्यायाधीश ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद अपने महत्वपूर्ण फैसले में उपेंद्र दलई, जगन्नाथ दलई व कामराजू को 10-10 वर्ष की सश्रम कारावास व 01-01 लाख रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है, वहीं एक गांजा तस्करी के फरार आरोपी राजेंद्र पुसरु को फरार घोषित किया गया।

नक्सलियों ने आत्मसमर्पित नक्सली के बुजुर्ग पिता की हत्या

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम माड़ गादम में बीती रात नक्सलियों ने एक आत्मसमर्पित नक्सली जोगा कवासी के बुजुर्ग पिता लखमा कवासी की हत्या कर दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद जवानों को मौके पर के लिए रवाना कर दिया गया है। दंतेवाड़ा एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि बीती रात बौखलाए नक्सलियों ने ग्राम माड़ गादम निवासी एक बुजुर्ग ग्रामीण लखमा कवासी की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों नक्सली जोगा कवासी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। जोगा के आत्मसमर्पण करने से नाराज नक्सलियों ने उसके पिता लखमा कवासी की हत्या करने की जितनी निंदा की जाये वह कम है।

मुख्यमंत्री ने तेलंगाना जांच कमेटी भेजने बस्तर कमिश्नर व कलेक्टर को दिये निर्देश

सुकमा (आरएनएस)। सलवा जुडूम के समय दक्षिण बस्तर से पलायन कर तेलंगाना में बसे ग्रामीणों को बेदखल करने और मारपीट करने की घटना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर के प्रभारी मंत्री तथा सुकमा जिले के कोंटा के विधायक कवासी लखमा, बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी तथा बस्तर सांसद दीपक बैज ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि तेलंगाना शासन भयादोहन की स्थिति निर्मित कर रही है। उनकी मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर कमिश्नर और दक्षिण बस्तर के तीनों जिले दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि कमेटी बनाकर तत्काल तेलंगाना भेजें और वहां बस्तर के ग्रामीणों की सुरक्षा और उन्हें हर तरह की मदद करें।

दुर्ग में ज्वेलर्स को लगा 15 लाख का चूना

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग शहर में एक ज्वेलरी शॉप के मालिक को 15 लाख रुपए का चूना लगा। दरअसल ज्वेलरी दुकान के संचालक में शहर के ही एक कारीगर को सोने के जेवर छिलने के लिए दिए थे। इतने सारे जेवर देखकर उसकी नियत बिगड़ी और वह पूरे जेवर लेकर फरार हो गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

ज्वेलर्स दुकान में 3 लाख कीमत के चांदी के गहनें चोरी

रायपुर (आरएनएस)। शहर के अश्वनी नगर क्षेत्र में एक ज्वेलर्स दुकान के मालिक ने अपने नौकर खिलाफ दुकान से 3 लाख रूपये कीमत के चांदी के गहने चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुरानी बस्ती थाना से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी राजीव बोथरा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने नौकर मयूर पिता मदन मुंदड़ा 32 वर्ष पर संदेह व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि नौकर उसके दुकान में 2 नवंबर 2021 से 23 फरवरी 2022 के मध्य काम करता था। कल जब स्टॉक का मिलान किया गया तो 5116 ग्राम चांदी जिसकी कीमत 3 लाख रूपये की चोरी होना पाया गया।

शासन की योजनाओं से किसानों को मिल रही फसलों की बेहतर कीमतें-मंत्री पटेल

❍ उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने 1.35 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

रायगढ़। उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल आज खरसिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में 01 करोड़ 35 लाख 6 हजार रुपये के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की करीब 80 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है। अधिकांश लोग कृषि कार्यों से जुड़े हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने ऐसे कदम उठाए हैं जिससे खेती-किसानी को मजबूती मिली है। विभिन्न फसलों को समर्थन मूल्य में क्रय करने के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना से आदान सहायता दी जा रही है। इसमें धान के साथ दलहन-तिलहन और उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया है। जिससे किसानों को उनकी फसलों का बेहतर दाम मिल रहा है। वनवासी परिवारों के आजीविका का प्रमुख साधन वनोपज संग्रहण को भी विस्तार दिया गया। समर्थन मूल्य में खरीदे जाने वाले वनोपजों की संख्या बढ़ायी गयी है। अब 61 वनोपजों की समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है। कीमतों में भी वृद्धि की गयी है। तेंदूपत्ता मानक बोरे की कीमतों में 60 प्रतिशत की वृद्धि कर 25 सौ रुपये से 4 हजार रुपये कर दिया गया, जिससे संग्राहक परिवारों को ज्यादा आर्थिक लाभ मिले। उन्होंने कहा कि शासन ने भूमिहीन मजदूरों के लिए भी योजना शुरू की है। बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा के लिए आत्मानंद स्कूल खोले गए हैं। ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु घरेलू नल कनेक्शन विस्तार का भी तेजी से किया जा रहा है। बिजली बिल हाफ योजना का लाभ भी ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन प्राथमिकता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल आज खरसिया विकासखण्ड के पुरैना, चारपारा, छोटे बोरदी, बड़े बोरदी, बड़े देवंगाव गांव में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद होता है। जिससे उनकी मांग और समस्याओं को जानने का मौका मिलता है। इससे आगे होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आवश्यकताओं के आधार पर अधोसंरचना विकास के कार्य किए जायेंगे। इस दौरान ग्रामवासियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसका उन्होंने जल्द उसका निराकरण करने के निर्देश एसडीएम, जनपद सीईओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस मौके पर अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया महेत्तर उरांव, सदस्य जिला पंचायत पूर्णिमा जायसवाल, सदस्य जनपद पंचायत अमरनाथ भारद्वाज, सरपंच पुरेना श्याम बाई गोंड, सरपंच बड़े देवगांव संध्या रोहित मिरी, उप सरपंच तीजराम खण्डेलवाल, मनोज गबेल, अभय महंती सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण व भूमिपूजन- ग्राम पुरेना में 3 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण, 01 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण, गाड़ाबोरदी में 02 लाख रुपये की लागत से 2 पचरी निर्माण, 3 लाख 60 हजार रुपये की लागत से 3 बोर खनन एवं पंप स्थापना, 20 लाख रुपये की लागत से दो सीसी रोड निर्माण, 3 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय, 2 लाख रुपये की लागत से चबुतरा निर्माण, ग्राम बड़े देवगांव में 9 लाख रुपये की लागत से अहाता निर्माण, 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन, डेढ़ लाख रुपये की लागत से चबुतरा निर्माण, 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से मुक्तिधाम निर्माण, 2 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण, 2 लाख रुपये की लागत से जिम स्थापना, 16 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण, 5 लाख रूपये की लागत से सीसी रोड सह नाली निर्माण, 01 लाख रुपये की लागत से अहाता निर्माण, 01 लाख रुपये की लागत से हाट-बाजार क्लीनिक शेड निर्माण, 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से यात्री प्रतिक्षालय निर्माण, 2 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण, डेढ़ लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण एवं 48 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी निर्माण कार्य शामिल है।

अवैध शराब सप्लाई करने वाले 8 तस्कर हुए गिरफ्तार

रायगढ़। एक्साईज कमिशनर निरंजनदास और रायगढ़ कलेक्टर भीम सिंह ने फैक्ट्री ईलाके में शराब की अवैध तस्करी पर रोकथाम के लिये स्टेट और डिवीजन फ्लाईंग स्क्वाड को जिले की टीम के साथ सघन कार्यवाही करने निर्देशित किया है। सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल ने ए.डी.ई.ओ.रमेश अग्रवाल को अवैध शराब बनाकर तस्करी करने के बड़े अड्डो पर प्रतिदिन कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। आबकारी टीम द्वारा समन्वय बनाकर घरघोड़ा क्षेत्र के छर्राटांगर और तराईमाल गांव में कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के 08 प्रकरणों में कुल 252 लीटर शराब जप्त की गई। मौके पर शराब बनाने के लिये तैयार 2000 किलोग्राम लाहन से लगभग 2000 लीटर शराब बनाने की तैयारी पाई गई। लाहन से शराब बनाकर आरोपी बेचने के फिराक में थे जिसे आबकारी दल ने नष्ट कर दिया। आठों आरोपियों को ज्युडिशीयल मजिस्ट्रेट के कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, कोर्ट ने 14 दिनों के न्यायिक हिरासत पर रायगढ़ जेल भेजने का आदेश दिया।

ज्ञात है कि ग्राम छर्राटांगर में ज्ञानराम, उद्धवराम, नरेश कुमार और उचित राम के घरों की विधिवत तलाशी ली। महिला सिपाहियों ने ज्ञान के घर के किचन में एक मोबिल वाली बाल्टी में भरा 20 लीटर शराब छुपा कर रखा पाया गया। उद्धव के घर से 30 लीटर साईज वाले दो प्लास्टिक के नीले ड्रमों में भरी 60 लीटर शराब बरामद की गई, रोहित और उचित के घर से दो-दो पीले 15 लीटर साईज के डिब्बो में भरी कुल 30-30 लीटर अवैध शराब गवाहों के समक्ष जप्त की गई। चारों घरों में मौके पर उपस्थित आरोपियां नरेश कुमार, देवकी, गौरीबाई, और नर्मदा से कुल 160 लीटर शराब बरामद होने पर आबकारी एक्ट की धारा के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

इसके बाद टीम ग्राम तराईमाल पहुँची और अवैध शराब की सूचना लेने के लिये एक छदम क्रेता को शराब खरीदने भेजा। छदम क्रेता ने इन्जोर, जयराम, मनोहर और माधव के घरों से महुआ शराब की बोतले खरीदकर टीम को दिखाया और बताया कि इनके घरों में भारी मात्रा में शराब रखी है। गवाहों को बुलाकर घरों की तलाशी प्रारंभ की गई, जिसमें माधव के घर से दो पीले 15 लीटर साईज के डिब्बों में भरी 30 लीटर अवैध शराब मिली। मनोहर के घर की तलाशी में आरक्षकों ने किचन में एक संदिग्ध चेम्बर बना हुआ पाया, जिसका ढक्कन हटाकर देखने पर उसमें 25 लीटर शराब छुपाकर रखा हुआ पाया। चेम्बर में 20 लीटर का एक डिब्बा और 5 लीटर का एक जेरिकेन में शराब भरकर आरोपी ने इस तरीके से ढककर छुपाई थी कि किसी को पता न चले। जयराम के घर से शराब से पूरा भरा हुआ नीले रंग के 30 लीटर वाले प्लास्टिक ड्रम जप्त किया गया।

छत्तीसगढ़ के अमनज्योति को मिलेगा राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार

❍ भारतीय बाल कल्याण परिषद ने की घोषणा

❍ मुख्यमंत्री बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री भेंड़िया ने दी बधाई

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के अमनज्योति जाहिरे को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार वर्ष 2021 प्रदान किया जाएगा। भारतीय बाल कल्याण परिषद नई दिल्ली ने कोरबा जिला निवासी अमन ज्योति का चयन इस पुरस्कार के लिए किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने साहसी अमनज्योति का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए होने पर उसे बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि साहसिक कार्यों और बहादुरी के लिए बच्चों को नगद राशि सहित प्रमाण पत्र के साथ भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा हर साल यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। कोविड परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। अमनज्योति को उनके द्वारा किए गए साहसिक कार्यों के लिए हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा राज्य वीरता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

ऐडू ब्रिज निर्माण साइड से सेट्रिंग पाईप की चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

रायगढ़। छाल पुलिस द्वारा आज दिनांक 24.02.2022 को ऐडू ब्रिज निर्माण साइड से सेट्रिंग पाईप चोरी करने वाले तीन चोरों से 18 नग सेट्रिंग पाईप तथा चोरी का माल परिवहन में प्रयुक्त जीतो वाहन (डग्गा) की जप्ती कर आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दिनांक 23.02.2022 को थाना छाल में मेटकांन इंडिया रियाल्टी एंड इंफ्राट्रेक्चर लिमिटेड के इंजीनियर सुदर्शन रामप्रसाद मल्लिक रिपोर्ट दर्ज कराये कि दिनांक 22.02.22 के रात्रि 9.30 बजे लगभग कुछ अज्ञात चोर ब्रिज क्रमांक 13 ऐडू में लगे निर्माण के लिये लगे प्रोप जाक सेट्रींग पाईप 12 नग एवं MS पाईप 6 नग को चोरी कर ले गये है। थाना छाल में अज्ञात आरोपियों पर धारा 379 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी रोहित पटेल के मेमोरेंडम पर 08 नग सेट्रिंग पाइप वजन 80 Kg कीमती करीब ₹14400 तथा एक बिना नंबर जीतो वाहन (डग्गा) सफेद रंग का आरोपी के घर से बरामद किया गया है। आरोपी मोहन गबेल तथा महित राम राठिया के मेमोरेंडम पर 5-5 नग सेट्रिंग पाइप कुल वजन 1 क्विंटल कीमती ₹10,800 का जप्त किया गया है। तीनों आरोपी (1) रोहित पटेल पिता स्वर्गीय ताराचंद पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम बोतल्दा थाना खरसिया (2) मोहन गबेल पिता शिरानाथ गबेल उम्र 35 वर्ष निवासी बोतल्दा थाना खरसिया (3) महित राम राठिया पिता स्वर्गीय जय लाल राठिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पुसल्दा थाना छाल को अप.क्र. 69/2022 धारा 379, 34 IPC में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

ग्राम सूपा में गोठान मेले का हुआ आयोजन

गोधन न्याय योजना से महिला सशक्तिकरण को मिल रहा बढ़ावा-उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल

रायगढ़। शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना अंतर्गत जनपद पंचायत पुसौर के गोठान ग्राम सूपा में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में भव्य गोठान मेले का आयोजन किया। मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत विभिन्न गॉवों से आये 30 से अधिक महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री, आचार, बड़ी, पापड़ घरेलू उपयोग का सामान, चप्पल, फिनाईल, बैग इत्यादि सामानों की बिक्री की गई। साथ ही कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग,स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, मत्स्य विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य आकाश मिश्रा, गोपिका गुप्ता, जनपद पंचायत पुसौर के अध्यक्ष सुशील भोय, उपाध्यक्ष गोपी चौधरी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज गोधन न्याय योजना के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी समाज के हर क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही है। योजना से रोजगार के साधन मिलने के साथ ही महिलाओं में नेतृत्व और प्रबंधन कौशल भी विकसित हो रहा है। विभिन्न प्रकार के आय मूलक गतिविधियों से जुड़ने से वे नये-नये स्किल भी सीख रही है। इससे उनका आत्म विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम पंचायत सूपा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ठोस तरल अपषिष्ट प्रबंधन हेतु घर-घर जाकर कचरा संग्रहण कर उचित निपटान करने में उत्कृष्ठ कार्य करने वाली कौशिल्या भारद्वाज, बीना बघेल, रुकमणी बजाज, उमा बजाज, गुरुवारी एवं समारिन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उक्त मेले में मत्स्य पालन विभाग पुसौर द्वारा मछली जाल तथा उद्यानिकी विभाग पुसौर द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को किया गया। इसके अलावा आदानी पावर लिमिटेड द्वारा सीएसआर अंतर्गत स्व-सहायता समूहों को आयस्टर मशरुम उत्पादन की कीट तथा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

चौकी प्रभारी जूटमिल ने ली गुंडा, निगरानी बदमाशों की क्लास

❍ अपराधों से दूरी बनाकर शांतिपूर्वक जीवन यापन करने की दी समझाइश

रायगढ़। दिनांक 24/02/2022 को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा पुलिस चौकी जूटमिल अंतर्गत दुर्गा चौक पर आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में वार्डवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं, शिकायतें सुना गया।

जनदर्शन में वार्डवासियों द्वारा पुलिस अधीक्षक से पेट्रोलिंग बढाने एवं रात के समय सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई कराने कहा गया जिस पर पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा चौकी प्रभारी को क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी बदमाशों एवं खुले में शराब पीने वालों पर कार्रवाई का निर्देशन दिया गया। निर्देशों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज शाम चौकी प्रभारी जूटमिल द्वारा क्षेत्र के निगरानी, गुंडा बदमाशों तथा अपराधों में संलिप्त रहे आरोपियों को चौकी बुलाकर कड़ी समझाइश दी गई। उन्होंने बदमाशों को अपराध से तौबा कर शांति पूर्वक जीवन यापन करने की समझाइश दिया गया साथ ही चेतवानी दी गई कि किसी प्रकार की शिकायत पाए जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

चौकी बुलाए गए गुंडा, निगरानी तथा सस्पेक्ट 1- कौशल साहू पिता वासुदेव साहू उम्र 45 वर्ष निवासी कोड़ातराई जूटमिल 2- विकास चौहान पिता कुंजबिहारी चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी जूटमिल 3- काशीराम यादव पिता स्वर्गीय ननकू राम यादव उम्र 57 वर्ष निवासी मिट्ठूमुड़ा राजीव गांधी नगर जूटमिल 4- ओम प्रकाश साहू पिता रोहित कुमार साहू उम्र 40 वर्ष निवासी कबीर चौक जूटमिल 5- विनोद चौहान पिता स्वर्गीय करमहा चौहान उम्र 33 वर्ष निवासी मिट्ठूमुड़ा राजीव गांधी नगर भजन डिपा वार्ड क्रमांक 37 जूटमिल 6- प्रकाश दास महंत पिता लाल दास महंत उम्र 28 वर्ष निवासी जेल के पीछे जूटमिल 7- दिनेश लाल पिता स्वर्गीय जय सिंह सिदार उम्र 23 वर्ष निवासी निगम कॉलोनी बजरंगपारा 8- हरीश साव पिता कौशल साव उम्र 21 वर्ष कोड़ातराई बस स्टैंड के पास जूटमिल 9- भुनेश्वर चौहान पिता नारद चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी बेलपाली चौकी जूटमिल।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरडे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धान्तिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत जिला स्तर पर लिखित प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को, 7 मार्च तक विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन जमा

रायगढ़। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना वर्ष 2022-23 में कक्षा 6 वीं में लिखित प्रवेश परीक्षा जिला स्तर पर 27 मार्च 2022 दिन रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसके लिए विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र शाला में 7 मार्च 2022 तक जमा कर सकते है। शाला प्रमुख विद्यार्थी के आवेदन का परीक्षण कर 11 मार्च 2022 को विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को अग्रेषण करेंगे। इसी तरह विकास शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समस्त आवेदन की सूची तैयार कर 14 मार्च 2022 तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त परीक्षा हेतु वहीं छात्र-छात्राएं पात्र होंगे जो राज्य अंतर्गत रायगढ़ जिले का मूल निवासी हो (सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर से जारी निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर)उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी। मूल निवास जिले से भिन्न जिले में किए गए आवेदन स्वीकार्य योग्य नहीं होगा। छ.ग.राज्य में मान्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का हो। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र धारक हो। विद्यार्थी छ.ग.में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 5 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। पिता/पालक की आय समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए।

योजनान्तर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णत: ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से किया जाएगा। अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों में कक्षा चौथी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे। निर्धारित आवेदन पत्र में विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र का अग्रेषण शाला प्रमुख द्वारा किया जाएगा। शाला प्रमुख द्वारा आवेदन अग्रेषण के पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विद्यार्थी समस्त योग्यता यथा शैक्षणिक योग्यता, स्थायी जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र एवं आय प्रमाण-पत्र संबंधी शर्ते पूर्ण रखता है। अधूरे आवेदन अग्रेषित नहीं किया जाएगा।